श्री आदिनाथाय नमः
शेठ आणंदजी कल्याणजी
पवित्र श्री शत्रुंजय गिरिराज पर शोभायमान विविध टुंक का

# वार्षिक पूजा सत्कार

## वार्षिक पूजा सत्कार के लाभार्थी के लिए मार्गदर्शिका

- शेठ आणंदजी कल्याणजी पेढ़ी के द्वारा आपको जो टुंक या जिनालय आबंटित - एलोटेड होता है उसकी सेवा भक्ति का लाभ निश्चित वर्ष में कार्तिक सूद पूर्णिमा से आषाढ सूद चतुर्दशी तक के लिए आपको मिलेगा।

- लाभार्थी उपर्युक्त समय मर्यादा के दौरान एक बार उस टूंक या जिनालय में सर्व जिनबिंबो का भव्य अढार अभिषेक महोत्सव का सामूहिक आयोजन कर सकते हैं।

- जो टूंक या जिनालय आपको एलॉट हुआ है उसकी सालगिरह प्रतिष्ठा दिवस का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक आपको करना है और उस दिन उस टूंक या जिनालय के शिखर पर ध्वजा चढ़ानी है

- जो टूंक या जिनालय एलॉट होता है उसमें कार्तिक सूद पूर्णिमा से आषाढ सूद चतुर्दशी तक आठ महीने के समय के दरमियान अलग-अलग अनुष्ठानों का आयोजन करना है जैसे की भव्य स्नात्र महोत्सव, शक्रस्तव अभिषेक, सत्तर भेदी पूजा, सर्व जिन बिंबो की अष्ट प्रकारी पूजा इत्यादि

- आपके श्री संघ में से जो भी पवित्र शत्रुंजय गिरिराज की यात्रा के लिए जाते हैं उन्हे जो टूंक या जिनालय एलॉट हुआ है उसमें सेवा भक्ति करने के लिए जाने की विशेष प्रेरणा करनी है

## लाभ लेने के लिए क्या करना चाहिए

- वार्षिक पूजा सत्कार का लाभ भारतवर्ष के श्री संघ में से कोई भी श्री संघ ले सकता है, लेकिन कोई मंडल, ग्रुप, या अन्य कोई संस्था लाभ लेना चाहे तो अपने श्री संघ के लेटर पेड के साथ ये फॉर्म भरके भेजे, ये लाभ सिर्फ और सिर्फ श्री संघ को ही दिया जाएगा ।

- वार्षिक पूजा सत्कार के आवेदन के लिए फॉर्म इस पीडीएफ में है उसकी प्रिंट निकाल कर समय मर्यादा में जरूरी पेपर्स के साथ पेढ़ी की अहमदाबाद ऑफिस पर भेजना है।

- शेठ आणंदजी कल्याणजी पेढ़ी के द्वारा सभी आवेदन पत्रों को ध्यान में लेके ड्रॉ सिस्टम से या अन्य तरीके से श्री संघ को टूंक आबंटित की जाएगी, इस बारे में शेठ आणंदजी कल्याणजी पेढ़ी का निर्णय अंतिम एवं अबाधित रहेगा ।

## लाभ लेनेवाले श्री संघ को कुछ बातो का ध्यान रखना है

- वार्षिक पूजा सत्कार की समय मर्यादा कार्तिक सूद पूर्णिमा से आषाढ सूद चतुर्दशी तक रहेगी । यह लाभ सिर्फ और सिर्फ सभी जिन बिम्ब और जिनालयों की सेवा-भक्ति करने के लिए ही दिया जा रहा है ।

- हा, लाभ लेनेवाले श्री संघ अपनी भावना के अनुसार जो टूंक जिनालय एलॉट हुआ है उसमें होने वाले साधारण के खर्च का लाभ ले सकते हैं, लेकिन ये अनिवार्य नहीं है ।

- आपको पेढ़ी के पूजारी और कर्मचारी के साथ संकलन करके सेवा भक्ति करनी है इस का पूरा ख्याल रखें, आपको पेढ़ी के पुजारी और कर्मचारी के साथ कोई आर्थिक व्यवहार नहीं करना है ।

- आप जरूरी सकारात्मक सूचन लिख कर पेढ़ी में दे सकते हैं,उस पर पेढ़ी विचार विमर्श करेगी।

- वार्षिक पूजा सत्कार के लिए निश्चित टूंक व जिनालयों की सूची अगले पेज पर है ।

## विशेष माहिती के लिए सम्पर्क करे


- RUPESHBHAI – 9825207560
- DARSHANBHAI – 9374814531
- DILIPBHAI PANCHAL – 9428000603


## फॉर्म भरके भेजने का पता


शेठ आणंदजी कल्याणजी पेढ़ी
श्रेष्टि लालभाई दलपतभाई भवन , 25 , वसंत कुंज , नया शारदा मंदिर रोड , पालड़ी ,
अहमदाबाद – 380007, गुजरात

**शेठ आणंदजी कल्याणजी पेढ़ी की तरफ से पवित्र शत्रुंजय गिरिराज के ऊपर वार्षिक पूजा सत्कार के लिए आबंटित-एलॉट किये जाने वाले टूंक - जिनालय का लिस्ट**

- श्री सवा सोमाजी ( चौमुखजी ) की टूंक और पांच पांडव का देरासर
- श्री छिपा वसही की टूंक (श्री अजितनाथजी - श्री शांतिनाथजी की देरी के साथ)
- श्री साकरशा टूंक (साकर वसही)
- श्री नरशी केशवजी की टूंक और सवा-सोमाजी की टूंक के पेहले के परिसर के अन्य जिनालय
- श्री हेमाभाई की टूंक
- श्री मोदी की टूंक (प्रेमा वसही)
- श्री उजम फई की टूंक
- श्री बालाभाई की टूंक (अदबदजी दादा जिनालय के साथ)
- श्री पांच शिखरी जिनालय (रामपोल में प्रविष्ट होते ही बराबर सामने आते है)
- श्री शांतिनाथजी जिनालय ,
  - श्री नेमिनाथजी की चोरी का जिनालय ,
  - बिच में आनेवाले अन्य छोटे जिनालय ,
  - श्री कुमारपाल का जिनालय
- श्री केशवजी नायक का जिनालय ,
  - श्री अमिजरा पार्श्वनाथ का जिनालय और आस पास के अन्य छोटे जिनालय ,
  - सौ स्थंभ का जिनालय ,
  - कपडवंज वालों का जिनालय

श्री आदिनाथाय नमः

शेठ आणंदजी कल्याणजी पेढ़ी – अहमदाबाद

## पवित्र श्री शत्रुंजय गिरिराज पर शोभायमान विविध टूंक के वार्षिक पूजा-सत्कार का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र

आवेदन करने वाले श्री संघ का नाम ______________________________
(पूरा नाम लिखिए)
पत्र व्यवहार का एड्रेस ______________________________

______________________________

ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन नंबर ______________________________

श्री संघ के सभ्यो की संख्या ______________________________

मुख्य ट्रस्टी का नाम ______________________________

मुख्य ट्रस्टी का मोबाइल नंबर ______________________________

सपर्क के लिए नाम ______________________________

सपर्क के लिए मोबाइल नंबर ______________________________

सपर्क के लिए व्हाट्सप्प नंबर ______________________________

सपर्क के लिए इ-मेल ______________________________

हमने वार्षिक पूजा सत्कार के पेढ़ी के सारे नियमों को पढ़ा है, और उन्हें मानते हुए हमारे संघ की लाभ लेने की भावना है तो हमें लाभ देने की बिनती करते हैं ।

मोबाइल नंबर ______________ मुख्य ट्रस्टी का नाम ______________

दिनांक ______________ मुख्य ट्रस्टी के दस्तखत ______________

---

- इस योजना में भाग लेने के लिए दि. 09-08-2026 अषाढ़ वद अग्यारस से 16-09-2026 भादरवा सूद पंचमी तक इस फॉर्म की प्रिंट में विवरण भरके पेढ़ी की अहमदाबाद ऑफिस पर फार्म भेजे, साथ में आपके श्रीसंघ के लेटर पेड़ पर मुख्य ट्रस्टी की सही के साथ आवेदन के लिए सादी अर्जी लिखकर भेजें
- शेठ आणंदजी कल्याणजी पेढ़ी के द्वारा सभी आवेदनो को ध्यान में रखते हुए ड्रॉ सिस्टम से या अन्य तरीके से श्रीसंघ को टूंक आबंटित की जाएगी, शेठ आणंदजी कल्याणजी पेढ़ी का निर्णय अंतिम व अबाधित रहेगा ।